देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 15.08.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्र आज उनासीवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लालकिले की प्राचीर पर ध्वजारोहण किया और देश को संबोधित किया।
- श्री मोदी ने लगभग एक लाख करोड़ रुपये के आवंटन के साथ युवाओं के लिए पीएम विकसित भारत रोजगार योजना की घोषणा की।
- प्रधानमंत्री ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के रूप में दीपावली के उपहार का वादा किया।
- उत्तराखंड में स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम देहरादून के परेड मैदान में आयोजित किया गया; मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।

स्वतंत्रता दिवस–प्रधानमंत्री

आज देश उनासीवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के प्रतिष्ठित लाल किले की प्राचीर पर राष्ट्रीय ध्वज का आरोहण कर राष्ट्र को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता का यह पर्व 140 करोड़ लोगों के संकल्पों का पर्व है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर के जाबांजों को नमन किया।

प्रधानमंत्री ने आतंक के खिलाफ भारत की नई नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भरता की भावना को विकसित भारत का मंत्र बताया। श्री मोदी ने सौर, हरित और परमाणु ऊर्जा के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता का जिक्र किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बड़ी–बड़ी कम्पनियों में युवाओं को इंटर्नशिप दी जा रही है। उन्होंने युवाओं को खुशखबरी देते हुए कहा कि आज से एक लाख करोड़ रुपये की योजना शुरू की जा रही है। उन्होंने आज से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना लागू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा निजी कंपनी में पहली नौकरी पाने वाले युवाओं को 15 हजार रुपये दिये जाएंगे।

स्वतंत्रता दिवस–प्रधानमंत्री 02

प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि इस दीपावली में देशवासियों को बड़ा तोहफा मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि हम अगली पीढ़ी के लिए जीएसटी सुधार लेकर आ रहे हैं। इससे उद्यमियों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को ताकत मिलेगी। रोजमर्रा की चीजें सस्ती हो जाएंगी और अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसान, मछुआरे और पशुपालक हमारी प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों के साथ कोई समझौता स्वीकार नहीं करेगा।

सहा जाएगा। आगे भी अगर दुश्मनों ने यह कोशिश जारी रखी, हमारी सेना तय करेगी, सेना की शर्तों पर सेना जो समय निर्धारित करे उस समय पर, अब हम अमल में लाकर के रहने वाले हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम 2027 तक विकसित भारत बनने के लिए न रुकेंगे, न झुकेंगे और परिश्रम की परिकाष्ठा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम हर प्रकार की गुलामी से मुक्ति पाकर अपनी विरासत पर गर्व करेंगे। इसके लिए एकता ही सबसे शक्तिशाली संकल्प होना चाहिए।

स्वतंत्रता दिवस–राज्य स्तरीय कार्यक्रम

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के परेड मैदान में स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय मुख्य समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मौके पर ध्वजारोहण किया और पुलिस, एनसीसी, होमगार्ड तथा अर्धसैनिक बलों की परेड की सलामी ली।

मुख्यमंत्री ने देश की रक्षा में बलिदान देने वाले जवानों और उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में उन्होंने हाल ही में उत्तरकाशी के धराली समेत राज्य के अन्य क्षेत्रों में आई आपदाओं का ज़िक्र करते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और भरोसा दिलाया कि पुनर्वास कार्य तेज़ी और संवेदनशीलता के साथ किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल और हवाई संपर्क जैसे बुनियादी क्षेत्रों में सुधार के लिए प्रभावी काम किया है। उन्होंने कहा कि 30 से अधिक नीतियों के ज़रिए राज्य के समग्र विकास का रोडमैप तैयार किया गया है और उत्तराखंड धार्मिक, वेलनेस, एडवेंचर, फिल्म और वेडिंग टूरिज्म के केंद्र के रूप में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास की दिशा में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में 3 दशमलव पांच–छह लाख करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुए थे, जिनमें से डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा चुका है।

नया पॉडकास्ट

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग आज एक नई पॉडकास्ट श्रृंखला ''पर्सन बिहाइंड द स्टोरी'' की पहली कड़ी प्रसारित करेगा। इसमें भारतीय सेना के पूर्व लेफ्टिनेंट आर. माधवन पिल्लई के साथ विशेष भेंट वार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम एफएम गोल्ड और अन्य चैनलों पर शाम पांच बजकर दस मिनट से सुना जा सकता है। यह कार्यक्रम हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन एआईआर डॉट कॉम और हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज़ ऑन एआईआर ऑफिशियल पर भी उपलब्ध होगा।

ध्वजारोहण–भराड़ीसैंण

कैबिनेट मंत्री एवं चमोली जिले के प्रभारी मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा परिसर में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेशवासियों से विकसित उत्तराखंड और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीत, लोकनृत्य और नाट्य मंचन प्रस्तुत किए, जिनसे वातावरण देशप्रेम के रंग में रंग गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिसकर्मी, शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस–राजभवन

79वें स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने ध्वजारोहण कर देश और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा कि उनके त्याग, बलिदान और शौर्य के कारण ही हमें आजादी मिली है।

राज्यपाल ने 2047 तक विकसित भारत के संकल्प पर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता ही विकास की नींव है, और डिजिटल स्वदेशी– यानी अपने डेटा, सॉफ्टवेयर और तकनीक पर निर्भर रहना अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आने वाले 22 वर्षों को भारत के आर्थिक और तकनीकी उत्थान का स्वर्णिम समय बताते हुए कहा कि आज प्रतिस्पर्धा तकनीक, अर्थव्यवस्था और नवाचार के स्तर पर है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रही है।

उत्तराखंड के विकास का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद राज्य योग, आयुर्वेद, हनी, अरोमा और वेलनेस जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं रखता है, जिन्हें आर्थिक अवसरों में बदलना सभी की जिम्मेदारी है। कृषि, जैविक खेती और उद्यानिकी में राज्य सरकार के प्रयासों की उन्होंने सराहना की।

राज्यपाल ने मातृशक्ति और बेटियों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए युवाओं और महिलाओं के कौशल विकास तथा एआई, स्पेस, साइबर, क्वांटम और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में सहभागिता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

ध्वजारोहण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उन्होंने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले महानायकों को नमन किया।

मुख्यमंत्री ने उत्तरकाशी के धराली सहित आपदा प्रभावित क्षेत्रों में मृतकों को श्रद्धांजलि दी और पीड़ित परिवारों के पुनर्वास का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक स्वीकार्यता बढ़ी है और उत्तराखंड में नवनिर्माण व पुनर्निर्माण के कार्य तेजी से चल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समग्र विकास के लिए कृतसंकल्प है और आगामी 25 वर्षों की योजनाओं पर जनसहयोग से कार्य कर रही है, ताकि उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाया जा सके।

स्वतंत्रता दिवस–सचिवालय

स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में ध्वजारोहण कर अधिकारियों, कर्मचारियों और बच्चों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि यह दिन उनके साहस और समर्पण को याद करने का अवसर है।

मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखंड विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पाने के लिए प्रतिबद्ध है और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने मातृशक्ति और युवाओं की अहम भूमिका पर जोर देते हुए राज्य को मैन्युफैक्चरिंग हब, स्किल हब, आयुष प्रदेश और वैश्विक पर्यटन गंतव्य बनाने का आह्वान किया।

श्री बर्द्धन ने पहाड़ी फसलों, मोटे अनाज और स्थानीय उत्पादों के माध्यम से आजीविका बढ़ाने, छोटे और मझोले किसानों को मजबूती देने, प्रशासनिक सुधारों, आपदा प्रबंधन में क्षमता निर्माण और जनहित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर बल दिया।

उन्होंने सभी से ईमानदारी, पारदर्शिता और नवाचार की भावना के साथ काम करने का आह्वान किया, ताकि हर निर्णय प्रदेश की प्रगति और जनता के कल्याण में योगदान दे।